# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी, 2024

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 February, 2024

- **31 जनवरी, 2024 को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा करने का अधिकार दे दिया। व्यास तहखाना मस्जिद के नीचे है। इसमें हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ मिली थीं।**

- **नए संसद भवन में बजट सत्र से सेंगोल की नई परंपरा शुरू हुई–**

  31 जनवरी, 2024 को नए संसद भवन में बजट सत्र से सेंगोल की नई परंपरा शुरू हुई है। इस दौरान संसद के आसन तक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लाने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आगे एक मार्शल सेंगोल लेकर चला। अब तक राष्ट्रपति को बिना सेंगोल के आसन तक लाया जाता था।

- **आईआईएमसी डीम्ड यूनिवर्सिटी बना–**

  हाल ही में भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। इस संस्थान की स्थापना 17 अगस्त, 1965 को हुई थी। यह देश में पत्रकारिता के अध्ययन हेतु का सबसे प्रतिष्ठित संस्थान है। इस संस्थान के दिल्ली के अलावा ओडिशा, मिजोरम, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और केरल में रीजनल सेंटर हैं।

## Newspaper of 2 February, 2024

- **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया।**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में केन्द्र सरकार का अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया।**

1 फरवरी, 2024 को वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र और 'सबका प्रयास' के संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ संसद में आज अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया। इस बजट की मुख्य बातें इस प्रकार हैं–

### भाग–क

#### सामाजिक न्याय

- चार प्रमुख वर्गों यानी गरीब, महिलाएँ, युवा एवं अन्नदाता (किसान) को ऊपर उठाने पर प्रधानमंत्री का फोकस।

#### 'गरीब कल्याण, देश का कल्याण'

- पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर आने में मदद की।
- पीएम-जनधन खातों के उपयोग से बैंक खातों में 34 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष हस्तांतरण। इससे सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई।
- पीएम-स्वनिधि के तहत 78 लाख फेरी वालों को ऋण सहायता। 2.3 लाख फेरी वालों को तीसरी बार ऋण प्राप्त हुआ।
- पीएम-जनमन योजना के जरिए विशेष तौर पर कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के विकास पर जोर।
- पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत 18 व्यवसायों से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को एंड-टू-एंड मदद।

#### 'अन्नदाता' का कल्याण

- पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- पीएम-फसल बीमा योजना के तहत चार करोड़ किसानों को फसल बीमा उपलब्ध कराई गई।
- इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्किट (ई-नाम) के तहत 1361 मंडियों को एकीकृत किया गया है। इससे 3 लाख करोड़ रुपए की खरीद-फरोख्त के साथ 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएँ उपलब्ध।

#### नारी-शक्ति पर जोर

- 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए।
- उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत तक बढ़ा।
- स्टेम पाठ्यक्रमों में छात्राओं एवं महिलाओं का 43 प्रतिशत नामांकन, जो दुनिया में सबसे अधिक है।
- पीएम-आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत मकान ग्रामीण महिलाओं को दिए गए।

#### पीएम आवास योजना (ग्रामीण)

- कोविड संबंधी चुनौतियों के बावजूद पीएम-आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- अगले पाँच वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त मकानों का लक्ष्य लिया जाएगा।

**छत पर सौर प्रणाली लगाना (रूफटॉप सोलराइजेशन) और नि:शुल्क बिजली**

- छत पर सौर प्रणाली लगाने से 1 करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे।
- प्रत्येक परिवार को सलाना 15,000 से 18,000 रुपए की बचत होने का अनुमान।

**आयुष्मान भारत**

- आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जाएगा।

**कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण**

- प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना से 38 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और रोजगार के 10 लाख अवसरों का सृजन हुआ है।
- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के औपचारिकीकरण योजना से 2.4 लाख स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) और 60,000 लोगों की ऋण सुविधा प्राप्त करने में मदद मिली है।

**आर्थिक उन्नति रोजगार और विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान एवं नवाचार**

- 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपए का कोष स्थापित किया जाएगा। इस कोष से दीर्घकालिक वित्त पोषण या पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक प्रौद्योगिकी को मजबूती देने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

**बुनियादी ढांचा**

- बुनियादी ढांचा के विकास और रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत व्यय के परिव्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपए किया जा रहा है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगी।

**रेलवे**

- लॉजिस्टिक्स कुशलता को बेहतर करने और लागत घटाने के लिए पीएम गतिशति के तहत तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रमों की पहचान की गई है।
  - ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा
  - पत्तन (Port) संपर्कता गलियारा
  - अधिक यातायात वाले गलियारा
- 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को 'वंदे भारत' मानकों के अनुरूप बदला जाएगा।

**विमानन क्षेत्र**

- देश में हवाई अड्डों की संख्या 149 पर हुई दोगुनी।
- 517 नए हवाई मार्ग 1.3 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचा रहे हैं।
- देश की विमानन कंपनियों ने 1,000 से अधिक नए विमानों के लिए ऑर्डर दिए।

**हरित ऊर्जा**

- वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन की कोयला गैसीकरण और तरलीकरण क्षमता स्थापित की जाएगी।
- परिवहन के लिए कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और घरेलू प्रयोजना के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के चरणबद्ध अधिदेशात्मक मिश्रण को अनिवार्य किया जाएगा।

**पर्यटन क्षेत्र**

- राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का संपूर्ण विकास शुरू करने, उनकी वैश्विक पैमाने पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- पर्यटन केन्द्रों को वहाँ उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए एक फ्रेमवर्क बनाया जाएगा।
- इस प्रकार की गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग के आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

**निवेश**

- वर्ष 2014 से 2023 के दौरान एफडीआई का अंतर्प्रवाह 596 अरब डॉलर रहा, जो वर्ष 2005 से 2014 के दौरान हुए एफडीआई अंतर्प्रवाह के मुकाबले दोगुना है।

**'विकसित भारत' के लिए राज्यों में सुधार**

- राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न पड़ावों से जुड़े सुधार के लिए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपए के प्रावधान का प्रस्ताव।

**संशोधित अनुमान (आरई) 2023-24**

- उधार को छोड़कर कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 27.56 लाख करोड़ रुपए है जिसमें से कर प्राप्ति 23.24 लाख करोड़ रुपए है।
- कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 करोड़ रुपए है।
- 30.03 लाख करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति बजट अनुमान से अधिक रहने की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास दर और इसके औपचारीकरण को दर्शाता है।
- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान 5.8 प्रतिशत है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### बजट अनुमान 2024-25

- उधारी से इतर कुल प्राप्तियाँ और कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपए और 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। कर प्राप्तियाँ 26.02 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।
- राज्यों के पूंजीगत व्यय के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण योजना कुल 1.3 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ इस वर्ष भी जारी रखी जाएगी।
- वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- वर्ष 2024-25 के दौरान डेटेड सिक्योरिटीज के जरिए सकल एवं शुद्ध बाजार उधारी क्रमशः 14.13 लाख करोड़ रुपए और 11.75 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान।

## भाग-ख

### प्रत्यक्ष कर

- वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष करों की मौजूदा दरों को बरकरार रखने का प्रस्ताव किया।
- पिछले 10 साल के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह तिगुना, रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2.4 गुना बढ़ी
- सरकार करदाता सेवाओं में सुधार लाएगी
- वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि से जुड़ी 25 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग को वापस लिया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की 10 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग को वापस लिया जाएगा।
- इससे एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा।
- सावरेन वेल्थ फंड अथवा पेंशन फंड द्वारा किए गए निवेश, स्टार्टअप के लिए कर लाभ 31.03.2025 तक बढ़ाया गया।
- आईएफएससी इकाईयों की कुछ आय पर कर रियायत को एक साल बढ़ाकर 31.03.2024 से 31.03.2025 किया गया।

### अप्रत्यक्ष कर

- वित्त मंत्री ने अप्रत्यक्ष करों और आयात शुल्कों की वर्तमान दरों को बकरार रखने का प्रस्ताव किया।
- जीएसटी ने देश में पूरी तरह बिखरी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एकीकृत किया।
- इस साल औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह दोगुना होकर 1.66 लाख करोड़ रुपये हुआ।
- जीएसटी कर आधार दोगुना हुआ।
- राज्यों का राज्य जीएसटी राजस्व वृद्धि अनुमान (राज्यों को दी गई क्षतिपूर्ति सहित) जीएसटी से पहल की अवधि (2012-13 से 2015-16) के 0.72 से बढ़कर जीएसटी लागू होने के बाद की अवधि (2017-18 से 2022-23) के दौरान 1.22 होगा।
- उद्योग जगत के 94 प्रतिशत उद्यमियों के अनुसार जीएसटी व्यवस्था काफी कुछ सकारात्मक रही है।
- जीएसटी से आपूर्ति शृंखला युक्तिसंगत बनी।
- जीएसटी से व्यापार और उद्योग पर अनुपालन बोझ कम हुआ।
- लॉजिस्टिक लागत और करों में कमी से वस्तु और सेवाओं के मूल्य घटने से उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचा।

### पिछले वर्षों के दौरान एक कर व्यवस्था को तर्कसंगत बनाने के प्रयास

- वित्त वर्ष 2013-14 में जहाँ 2.2 लाख रुपये तक की आय कर मुक्त थी, वहीं अब सात लाख रुपये तक की आय पर कोई कर देनदारी नहीं है।
- खुदरा व्यवसायों के अनुमानित कराधान के लिए कारोबार सीमा को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये किया गया।
- पेशेवरों के लिए अनुमानित कराधान सीमा को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये किया गया।
- वर्तमान घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत की गई।
- विनिर्माण क्षेत्र की नई कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर कर दर 15 प्रतिशत रखी गई।

### करदाता सेवाओं की उपलब्धियाँ

- कर रिटर्न प्रोसेस करने की औसत समय-सीमा 2013-14 के 93 दिन से घटकर दस दिन रह गई।
- बेहतर दक्षता के लिए चेहरा रहित आकलन और अपील की शुरुआत की गई।
- रिटर्न दाखिल करने के काम को सरल बनाने के लिए नया 26 एएस फार्म और पहले से भरे गये टैक्स रिटर्न विवरण के साथ इनकम टैक्स रिटर्न विवरण के साथ इनकम टैक्स रिर्टन को अद्यतन किया गया।
- सीमा शुल्क सुधारों से आयतित माल छोड़ने के समय में कमी आई।
- अंतर्देशीय कंटनेर डिपो में यह 47 प्रतिशत घटकर 71 घंटे रह गया।
- एयर कार्गो परिसरों में यह 28 प्रतिशत घटकर 44 घंटे रह गया।
- समुद्री बंदरगाहों पर 27 प्रतिशत घटकर 85 घंटे रह गया।

### अर्थव्यवस्था-तब और अब

- वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था में सुधार और प्रशासन प्रणाली को पटरी पर लाने की जिम्मेदारी थी। तब समय की जरूरत थी–
  निवेश आकर्षित करना।
  बहुतप्रतीक्षित सुधारों के लिए समर्थन जुटाना।
  लोगों में उम्मीद जगाना
- सरकार 'राष्ट्र प्रथम' की मजबूत भावना के साथ सफल रही।
- ''अब यह देखने का उचित समय है कि 2014 तक हम कहाँ थे और अब कहाँ है'' वित्त मंत्री।
  सरकार इस संबंध में सदन के पटल पर एक श्वेत-पत्र रखेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 3 February, 2024

### ■ केन्द्र सरकार ने छह उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की–

2 फरवरी, 2024 को केन्द्र सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद छह उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी। ये निम्न हैं–

- **राजस्थान हाईकोर्ट**–न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव।
- **गुवाहाटी हाईकोर्ट**–न्यायाधीश विजय बिश्नोई।
- **इलाहाबाद हाईकोर्ट**–न्यायाधीश अरुण भंसाली।
- **ओडिशा हाईकोर्ट**–न्यायाधीश चक्रधारी चरण सिंह
- **मेघालय हाईकोर्ट**–न्यायाधीश एस. वैद्यनाथन
- **उत्तराखण्ड हाईकोर्ट**–न्यायाधीश ऋतु बाहरी

उल्लेखनीय है कि देश के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने केन्द्र सरकार को इन नामों की सिफारिश की थी।

## Newspaper of 4 February, 2024

### ■ पहले विशाल सर्वेक्षण पोत आइएनएस संध्यापक को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया–

3 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम में विशाल सर्वेक्षण पोत आइएनएस संध्यापक को नौसेना के बेड़े में शामिल किया। यह पोत हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका को और अधिक मजबूत करेगा। 'संध्यापक' का अर्थ है 'विशेष खोज करने वाला'।

### ■ पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (97) को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई–

3 फरवरी, 2024 को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (97) को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की।

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बाद आडवाणी भाजपा के दूसरे नेता हैं, जिन्हें भारत रत्न से नवाजा जाएगा। जनसंघ के नानाजी देशमुख को 2019 में यह सर्वोच्च सम्मान मिला था।
- 4 फरवरी, 2024 तक 50 शख्सियतों को भारत रत्न से नवाजा गया है। लालकृष्ण आडवाणी यह सम्मान पाने वाले 32वें राजनेता होंगे।
- इनसे कुछ दिन पूर्व ही बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई थी।
- लालकृष्ण आडवाणी 8 नवंबर, 1927 को कराची में जन्मे थे तथा वर्ष 1942 में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे।
- 1947 में आजादी के बाद उनका पूरा परिवार पाकिस्तान से भारत आ गया था। यहाँ वे पहले जनसंघ पार्टी से जुड़े थे तथा फिर जनता पार्टी में दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ अहम जिम्मेदारियाँ संभालते रहे।
- 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। 1989 में वे पहली बार भारत के गृहमंत्री बने। 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री रहे।
- 2002 से 2004 के बीच अटल सरकार में उप-प्रधानमंत्री रहे। वे 7वें डिप्टी पीएम थे।
- 2015 में आडवाणी देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किए गए थे।

### ■ दुनिया में सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले शहरों में बेंगलुरू व पुणे शामिल; नीदरलैंड की कंपनी टॉमटॉम की ट्रेफिक इंडेक्स-2023 के अनुसार विश्व में सबसे भीड़भाड़ वाले शहर–

| शहर | देश | प्रति 10 किमी औसत यात्रा समय |
|---|---|---|
| लंदन | ब्रिटेन | 37 मिनट, 20 सेकंड |
| डबलिन | आयरलैंड | 29 मिनट, 30 सेकंड |
| टोरंटो | कनाडा | 29 मिनट |
| मिलान | इटली | 28 मिनट, 50 सेकंड |
| लीमा | पेरू | 28 मिनट, 30 सेकंड |
| बेंगलुरू | भारत | 28 मिनट, 10 सेकंड |
| पुणे | भारत | 27 मिनट, 50 सेकंड |

## Newspaper of 5 February, 2024

### ■ दुनिया में पहली बार गैंडे का कृत्रिम गर्भाधान हुआ–

उत्तरी सफेद गैंडे की प्रजाति को बचाने के लिए जर्मनी के लाइबनिज इंस्टीट्यूट फॉर जू एंड वाइल्ड लाइफ ने लैब में बनाए भ्रूण को मादा गैंडे के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया है। धरती पर इस प्रजाति के सिर्फ दो गैंडे ही बचे हैं।

### ■ केन्द्रीय करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 12.20 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे–

वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 12.20 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे। वर्ष 2023-24 में केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 11.05 लाख करोड़ रुपए थी। राशि बढ़ने से सबसे ज्यादा लाभ उत्तर प्रदेश को होगा। प्रमुख राज्यों को निम्न राशि मिलेगी–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिलने वाली राशि (करोड़ ₹ में) | वर्ष 2023-24 की राशि से अन्तर (करोड़ ₹ में) |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 2,18,816.84 | +20,681.79 |
| राजस्थान | 73,504.11 | +6,947.40 |
| मध्य प्रदेश | 95,752.96 | +9050.12 |
| छत्तीसगढ़ | 41,557.99 | +3,923.86 |
| गुजरात | 42,424.05 | +4,009.92 |
| कर्नाटक | 44,485.49 | +4,204.61 |
| तमिलनाडु | 49,754.95 | +4,702.42 |
| **कुल (सभी राज्यों को)** | **12,19,782.85** | **+1,15,289.14** |

गौरतलब है कि केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी वित्त आयोग तय करता है।

■ **पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला–**

4 फरवरी, 2024 को पूर्व धाविका और भारतीय ओलंपिक संघ की वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया और दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से दिया गया।

■ **ग्लोबल फॉरकास्ट रिपोर्ट 2024; ग्लोबल इकोनॉमी में भारत ब्राइट स्पॉट–**

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से ग्लोबल फॉरकास्ट रिपोर्ट के मुताबिक 2028 तक चीन की जीडीपी ग्रोथ रेट घटकर 3.5% रह जाएगी। वहीं, भारत ग्लोबल इकोनॉमी में ब्राइट स्पॉट है। आईएमएफ के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3% की दर से बढ़ेगी। देश में बेरोजगारी और खुदरा महँगाई भी घटने की उम्मीद है।

**2024 के लिए ग्लोबल सीईओ का अनुमान**

- ♦ भारत, अमेरिका और जापान के शेयर बाजारों में वर्ष 2024 में और तेजी आने की उम्मीद है।
- ♦ नौकरियों पर रोबोटिक्स-एआई का खतरा, दुनियाभर में एआई का दुरुपयोग बढ़ने की आशंका।
- ♦ ब्याज दरों में कटौती इस साल जुलाई के बाद शुरू होने की उम्मीद, बॉन्ड्स में निवेश बढ़ेगा।
- ♦ खुदरा महँगाई दर में गिरावट आएगी एवं अमेरिका में आर्थिक मंदी आने की आशंका अब कम है।
- ♦ ग्लोबल ग्रोथ रेट 2.5% से 3.5% रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 5 वर्षों में तेजी से आगे बढ़ेगी तथा 78% ग्लोबल सीईओ को उम्मीद है कि 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे अधिक तेजी से बढ़ेगी।

**जीडीपी-महँगाई-बेरोजगारी का अनुमान (वर्ष 2024)**

| देश | ग्रोथ रेट | महँगाई दर | बेरोजगारी दर |
|---|---|---|---|
| भारत | 6.3% | 5.5% | 3.2% |
| अमेरिका | 1.5% | 4.1% | 3.6% |
| कनाडा | 1.6% | 3.6% | 5.5% |
| अर्जेंटीना | 2.8% | 122% | 7.4% |
| ब्राजील | 1.5% | 4.7% | 8.3% |
| ब्रिटेन | 0.6% | 7.7% | 4.2% |
| रूस | 1.1% | 5.3% | 3.3% |
| चीन | 4.2% | 0.7% | 5.3% |
| इंडोनेशिया | 5.0% | 3.6% | 5.3% |
| ऑस्ट्रेलिया | 1.2% | 5.8% | 3.7% |
| दक्षिण अफ्रीका | 1.8% | 5.8% | 32.8% |

**Newspaper of 6 February, 2024**

■ **मध्यप्रदेश में कुलपति का पदनाम 'कुलगुरु' किया–**

6 फरवरी, 2024 को मध्यप्रदेश राज्य के मंत्रिमण्डल ने विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करते हुए कुलपति का पदनाम कुलगुरु कर दिया है।

**Newspaper of 8 February, 2024**

■ **भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने–**

7 फरवरी, 2024 को जारी आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में बुमराह दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने गत 11 माह से शीर्ष स्थान पर बरकरार भारतीय स्पिन गेंदबाज आर. अश्विन को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है।

**Newspaper of 10 February, 2024**

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन और पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की।**

9 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव आदि को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 3 फरवरी, 2024 को लालकृष्ण आडवाणी एवं 23 जनवरी, 2024 को कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने की घोषणा की गई थी। इस

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

तरह एक साल में पहली बार पाँच विभूतियों को यह अलंकरण प्रदान किया गया है।

**किसानों के मसीहा**–चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक देश के 5वें पीएम रहे। वे किसानों के मसीहा के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने 1930 ई. में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के डांडी मार्च में भाग लिया। वे वर्ष 1967 और 1970 में यूपी के सीएम बने। उन्होंने जमींदारी प्रथा के उन्मूलन हेतु उल्लेखनीय कार्य किया। 1977 में बनी जनता पार्टी सरकार में वे गृहमंत्री, वित्तमंत्री व उप-प्रधानमंत्री रहे। जनता दल सरकार गिरने के बाद उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से केन्द्र में सरकार बनाई थी। उनका 29 मई, 1987 को निधन हो गया।

**सुधारों के प्रणेता**–पी.वी. नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के नौवें प्रधानमंत्री रहे। वे तेलुगू, हिंदी, अंग्रेजी, द्रविड़, इंडो-यूरोपीय समेत 18 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्त्वपूर्ण सुधार लागू किए। प्रधानमंत्री बनने से पहले उन्होंने केन्द्र में विदेश, रक्षा व गृह मंत्रालय संभाले। पीएम के रूप में राव का कार्यकाल आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाता है। अपने कार्यकाल में अयोध्या का विवादित ढाँचा ढहने व उसके बाद दंगों को लेकर राव को आलोचना का सामना भी करना पड़ा।

**हरित क्रांति के जनक**–देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का पिछले साल 28 सितंबर को 98 साल की उम्र में निधन हो गया था। साठ के दशक में भारत अमेरिकी गेहूँ पर निर्भर था, लेकिन स्वामीनाथन के गेहूँ की नई किस्म विकसित करने के बाद 1971 में जरूरत से अधिक खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश बन गया। उन्हें 1971 ई. में रेमन मैग्सेसे और 1987 में विश्व खाद्य पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें वर्ष 1967 में पद्मश्री, वर्ष 1972 में पद्म भूषण तथा वर्ष 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## Newspaper of 11 February, 2024

- **10 फरवरी, 2024 को पद्मभूषण से सम्मानित बहुचर्चित चित्रकार ए. रामचन्द्रन (89) का निधन हो गया। उनका जन्म वर्ष 1935 में केरल के अत्तिंगल में हुआ था।**
- **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वर्ष 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 फीसदी की दर से ब्याज देने की सिफारिश की है।**
- **वन नेशन वन आईडी 'अपार' लॉन्च हुई–**

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वन नेशन वन स्टूडेन्ट आईडी लॉन्च की है। 'ऑटोमेटिक परमानेंट अकादमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार)' पर छात्रों का अकादमिक डाटा रहेगा। इसमें पंजीकरण के बाद यूनिक 'अपार' आईडी दी जाएगी। यह आईडी छात्रों की शैक्षणिक पहचान होगी। छात्र इस आईडी का उपयोग संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए कर सकेंगे।

## Newspaper of 12 February, 2024

- **पद्मश्री से सम्मानित हिन्दी-मैथिली की प्रख्यात लेखिका डॉ. ऊषा किरण खान का निधन हुआ–**

11 फरवरी, 2024 को पद्मश्री से सम्मानित हिन्दी और मैथिली की प्रख्यात लेखिका डॉ. ऊषा किरण खान (78) का निधन हो गया। उषा किरण खान का जन्म 24 अक्टूबर, 1945 को दरभंगा के लहेरियासराय में हुआ था। वे जीवन भर अध्यापक कार्य से जुड़ी रहीं।

## Newspaper of 13 February, 2024

- **श्रीलंका और मॉरीशस में भी यूपीआई सेवा की शुरुआत हुई–**

12 फरवरी, 2024 से भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की सेवा श्रीलंका और मॉरीशस में भी शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे व मॉरीशस के पीएम प्रवींद जगन्नाथ ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की।

- **कजाकिस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलिना रिबाकिना ने अबू धाबू ओपन जीता–**

11 फरवरी, 2024 को दुनिया की चौथे नंबर की टेनिस खिलाड़ी कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना (24 वर्षीय) ने अल खादाह में महिला एकल मुकाबले में उम्दा प्रदर्शन करते हुए रूस की दारिया कास्तकिना को हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब अपने नाम किया। एलिना ने विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी दारिया को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 के अंतर से हराया।

## Newspaper of 14 February, 2024

- **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की दो श्रेणियों के नाम बदले; दादा साहेब फाल्के अवार्ड की राशि भी 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 15 लाख रुपए की–**

हाल ही में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की दो श्रेणियों 'निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म के लिए इंदिरा गाँधी पुरस्कार' और

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

'राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार' का नाम बदला गया है। ये निम्न होंगे–

| पूर्व नाम | नया नाम |
|---|---|
| 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए इंदिरा गाँधी पुरस्कार' | 'निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म' |
| 'राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार' | 'राष्ट्रीय सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म' |

इसके साथ ही फिल्म क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' के तहत मिलने वाली पुरस्कार राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दिया गया है।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' शुरू करने की घोषणा की–**

13 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' शुरू करने की घोषणा की। इस योजना का लक्ष्य 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान कर एक करोड़ घरों को रोशन करना है। इस योजना के अन्तर्गत सरकार 75000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी।
योजना में ₹ 78000 तक की सब्सिडी मिलेगी तथा बाकी राशि सस्ती लोन दर पर उपलब्ध करवायी जाएगी।

**यह होगी प्रक्रिया–**

- पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन सरकारी पोर्टल नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर पर किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद अकाउंट क्रिएट हो जाएगा। उस पर लॉगिन कर इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर नंबर, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सबमिट करनी होगी।
- सरकार की तरफ से उन रजिस्टर्ड विक्रेताओं की लिस्ट मिलेगी, जो आपके इलाके में हैं। लिस्ट से विक्रेता को सलेक्ट करने के बाद आपका आवेदन मंजूरी के लिए डिस्कॉम के पास पहुँच जाएगा। डिस्कॉम की मंजूरी के बाद आप सोलर प्लांट लगवा सकेंगे। सोलर प्लांट ऑफिशियल वेबसाइट पर सबमिट कर नेट मीटर के लिए अप्लाई करना होगा।
- पोर्टल के जरिए ही बैंक अकाउंट डिटेल और कैंसेल्ड चेक सबमिट करना होगा। कुछ दिन में सरकार की तरफ से मिलने वाला फायदा आप तक पहुँच जाएगा।

■ **भारतवंशी सोनाली कोर्डे अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएड) की प्रशासक सामंथा पावर की सहायक बनीं हैं।**

## Newspaper of 15 February, 2024

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया–**

14 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पहले हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया। इस मंदिर को अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर नागर शैली में बनाया गया है। स्वामिनारायण का यह मंदिर 27 एकड़ जमीन पर 700 करोड़ रुपए की लागत से बना है।

■ **काजी नेमू असम का 'राज्य फल' घोषित किया गया–**

13 फरवरी, 2024 को असम सरकार ने काजी नेमू (खट्टे नींबू) को राज्य फल घोषित किया है। काजी नेमू फल को वर्ष 2016 में भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) मिला था। इसे राज्य में व्यावसायिक रूप से उगाया जाता है। 'काजी नेमू' अपनी अनूठी सुगंध और स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। गौरतलब है कि वर्ष 2016 में असम सरकार ने 'एक सींग वाले गैंडे को राज्य पशु', 'सफेद पंख वाले लकड़ी के बत्तख' को राज्य पक्षी, 'हॉलोंग' को राज्य वृक्ष और '**फॉक्सटेल ऑर्किड**' को राज्य फूल घोषित किया था।

## Newspaper of 17 February, 2024

■ **आर. अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 500 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने–**

हाल ही में ऑफ स्पिनर आर. अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज/सबसे कम समय में 500 विकेट पूरे करने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए हैं। आर. अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट मैच में यह मुकाम हासिल किया।

## Newspaper of 18 February, 2024

■ **इसरो ने इनसैट-3 डीएस सैटेलाइट लॉन्च की–**

17 फरवरी, 2024 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से इनसैट-3 डीएस सैटेलाइट लॉन्च की। यह उपग्रह लॉन्चिंग के 19 मिनट 13 सेकण्ड बाद पृथ्वी की भू-स्थैतिक अंतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित हो गया। यह 10 वर्ष तक काम करेगा। इस सैटेलाइट के जरिए मौसम, जंगल की आग, धुआँ और बदलते पर्यावरण के बारे में सटीक जानकारी मिल सकेगी।

## Newspaper of 19 February, 2024

■ **हाल ही में झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने जातीय जनगणना को मंजूरी दी है। इसे लोकसभा चुनाव 2024 के बाद शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बिहार में जातीय जनगणना को मंजूरी मिली है।**

■ **प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी (78) महाप्रयाण कर गए; आचार्य श्री ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि तीर्थ में रात्रि 2:35 बजे देह त्यागी–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

18 फरवरी, 2024 को प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज (78) ने महाप्रयाण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि तीर्थ में रात्रि 2:35 बजे देह त्यागी। आचार्य श्री ने सबसे ज्यादा 37 चतुर्मास मध्यप्रदेश में किए थे। उन्होंने आचार्य पद तीन दिन पूर्व ही मुनि समयसागर को सौंप दिया था।

- आचार्य श्री विद्यासागर का जन्म 10 अक्टूबर, 1946 को बेलगाँव (कर्नाटक) के सदलगा में हुआ था। उनका मूल नाम विद्याधर था।
- उन्होंने 30 जून, 1968 को दीक्षा ली। दीक्षा के बाद 'विद्यासागर' नाम मिला।
- 22 नवंबर 1972 को अजमेर में ही आचार्य की पदवी सौंपी गई।
- आचार्य विद्यासागर के परिवार जनों में सभी दीक्षा ले चुके हैं।

## Newspaper of 20 February, 2024

**■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरप्रदेश में संभल के एंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया–**

19 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में संभल के एंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया। कल्कि धाम मंदिर में 10 गर्भगृह होंगे। यहाँ भगवान के सभी 10 अवतारों को विराजमान किया जाएगा।

## Newspaper of 21 February, 2024

**■ केन्द्र सरकार ने देशभर में 50 नई अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दी–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने देश में अमृत भारत ट्रेनों के विस्तार को मंजूरी दे दी है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 50 नई ट्रेनें चलाने की घोषणा की। वन्दे भारत एसी ट्रेन होने के कारण महँगी है, जबकि अमृत भारत नॉन एसी होने के कारण सस्ती होने से जनसामान्य में लोकप्रिय हो रही है। पहली अमृत भारत ट्रेन 30 सितम्बर, 2023 को लॉन्च की गई थी। वर्तमान में दो अमृत भारत ट्रेनें दिल्ली-अयोध्या-दरभंगा और मालदा से बेंगलुरू के बीच चल रही हैं।

## Newspaper of 24 February, 2024

**■ लोकसभा के पूर्व स्पीकर मनोहर जोशी का निधन हुआ–**

23 फरवरी, 2024 को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा स्पीकर मनोहर जोशी (86) का निधन हो गया। पूर्व सीएम व शिवसेना के नेता मनोहर जोशी 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के सीएम रहे थे।

**■ मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन रूट पर समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू हुआ–**

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन रूट पर समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू हुआ है। इसके लिए महाराष्ट्र में बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हुआ है, जिसका शुभारंभ 23 फरवरी, 2024 को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने विक्रोली में ब्लास्ट कर किया। इसके पूर्ण होने पर देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। कुल टनल 21 किमी. की होगी, जिसमें 7 किमी. का हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।

## Newspaper of 25 February, 2024

**■ केन्द्र सरकार ने 164 साल पुरानी दण्ड संहिता के स्थान पर नयी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जुलाई, 2024 से लागू करने की अधिसूचना जारी की–**

24 फरवरी, 2024 को केन्द्र सरकार ने अधिसूचना जारी की, कि पुराने दण्ड कानूनों के स्थान पर नयी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जुलाई, 2024 से लागू होंगे। 164 साल पुराने दण्ड कानूनों को बदलना ऐतिहासिक कार्य माना जा रहा है।

**1 जुलाई, 2024 से निम्न परिवर्तन होंगे–**

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (IPC) | भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) |
| भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (CRPC) | भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 |
| भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 |

**किसमें क्या बदला?**

- **न्याय संहिता :** आईपीसी में 511 धाराएँ थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएँ होंगी। इसमें 21 नए अपराध जोड़े गए हैं। 41 अपराधों में कारावास की अवधि बढ़ाई गई है और 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। 25 अपराधों में जरूरी न्यूनतम सजा शुरू की गई है। 6 अपराधों में दंड के रूप में सामुदायिक सेवा की व्यवस्था की गई है। 19 धाराएँ खत्म की गई है।
- **नागरिक सुरक्षा संहिता :** पुरानी सीआरपीसी में 484 धाराएँ थीं, अब नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएँ होंगी। 177 धाराओं को बदल दिया गया है, 9 नई धाराएँ जोड़ी गई हैं और 14 को खत्म किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **साक्ष्य अधिनियम :** पुराने एविडेंस एक्ट में 167 धाराएँ थीं, नए साक्ष्य अधिनियम में 170 धाराएँ होंगी। 24 धाराओं में बदलाव किया गया है। दो नई धाराएँ जुड़ी हैं और छह धाराएँ खत्म की गई है।

### क्या-क्या है नया

**पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया**

बीएनएस में पहली बार 113(1) के तहत आतंकवाद को दंडनीय अपराध बनाकर इसे पारिभाषित किया गया है। ऐसा कृत्य जो भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरे में डालने, लोगों या उसके एक वर्ग को डराने या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के इरादे से देश या विदेश में कोई करता है तो वह आतंकवाद है। इस परिभाषा में संपत्ति को नुकसान, नकली मुद्रा व तस्करी भी शामिल है। ऐसा अपराध मृत्युदंड या पैरोल के बिना आजीवन कारावास द्वारा दंडनीय है। आतंकी की संपत्ति कुर्क भी हो सकती है।

**राजद्रोह के बजाय देशद्रोह**

- बीएनएस में राजद्रोह को समाप्त कर देशद्रोह को दंडनीय अपराध बनाया गया है। इसकी परिभाषा में देश की एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों को शामिल किया गया है।

**महिलाओं के लिए प्रावधान**

बीएनएस में 'महिलाओं और बच्चों' के खिलाफ अपराध को अलग अध्याय बनाया गया है एवं **सजा** का प्रावधान बढ़ाया गया है तथा नाबालिक महिला के सामूहिक बलात्कार से संबंधित प्रावधान को पोक्सो के अनुरूप बनाया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के साथ बलात्कार से संबंधित मामलों में आजीवन कारावास या मौत की सजा, बलात्कार पर कम से कम 10 साल के लिए आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा है। सामूहिक बलात्कार के लिए 20 वर्ष या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान। शादी, नौकरी, प्रमोशन के बहाने या पहचान छिपाकर महिलाओं का यौन शोषण भी अपराध।

**संगठित अपराध का दायरा बढ़ाया–**संगठित अपराध को बीएनएस की धारा 111(1) के तहत पहली बार परिभाषित किया गया है। सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक अभियान, अलगाववादी गतिविधियाँ और भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा पैदा करने वाले किसी भी कार्य को इसकी परिभाषा में शामिल किया गया है। इसके लिए मृत्युदंड, आजीवन कारावास, जुर्माना या सात साल तक की जेल शामिल है।

**'मॉब लिंचिंग' के लए सजा में बढ़ोतरी**

- पहली बार मॉब लिंचिंग और हेट क्राइम को अलग-अलग प्रकार की हत्या के रूप में वर्गीकृत किया गया।
- मॉब लिंचिंग जैसे अपराधों के लिए अधिकतम मृत्युदंड की सजा का प्रावधान किया गया।

**तारीख पर तारीख से मुक्ति, तीन साल में न्याय**

नए कानूनों का प्रमुख उद्देश्य शीघ्र न्याय मिलना भी है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि इन कानूनों के लागू होने के बाद 'तारीख-पे-तारीख' युग का अंत सुनिश्चित होगा और पीड़ित को तीन साल में न्याय दिया जाएगा। इसके लिए निम्नलिखित कई प्रावधान किए गए हैं–

- 90 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी, कोर्ट खास परिस्थिति में 90 दिन और बढ़ा सकता है।
- पुलिस को 90 दिनों के भीतर किसी मामले की स्थिति पर अपडेट प्रदान करना होगा।
- सुनवाई के बाद 30 दिन में फैसला देना होगा। एक सप्ताह में आदेश ऑनलाइन अपडेट होगा।
- तीन साल से कम सजा वाले मामलों में संक्षिप्त सुनवाई पर्याप्त होगी।
- घटना पर जीरो एफआईआर का प्रावधान, जिससे कहीं भी दर्ज हो सकेगी एफआईआर।
- पीड़ित को एफआईआर की मुफ्त प्रति उपलब्ध करवायी जाएगी एवं उसे 90 दिनों में जांच की प्रगति बतानी होगी।
- त्वरित न्याय के लिए विशेष अदालतों का प्रावधान।

**अन्य–**

- हथकड़ी का इस्तेमाल चुनिंदा जघन्य अपराधों के आरोपियों पर ही होगा।
- विकलांगता का कारण बनने वाले अपराधों पर कड़ा दंड।

**ट्रक चालकों से संबंधित धारा के संबंध में–**केन्द्र की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को छोड़कर पूरा कानून एक जुलाई से लागू होगा। धारा 106(2) में लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना मृत्यु कारित करने पर कड़े दंड का प्रावधान है। केन्द्र सरकार ने देश में ट्रकों की हड़ताल व ट्रक चालकों के विरोध के बाद उन्हें आश्वासन दिया था कि बीएनएस का यह प्रावधान लागू नहीं होगा।

### ■ उज्जैन में दुनिया की पहली वैदिक घड़ी स्थापित होगी;

उज्जैन में जीवाजी वेधशाला में हिंदूकाल गणना और ग्रीनविच पद्धति से समय बताने वाली दुनिया की पहली वैदिक घड़ी 1 मार्च, 2024 को स्थापित की जा रही है। 10 बाय 10 फीट की स्क्रीन वाली यह घड़ी स्टैंडर्ड टाइम के साथ वैदिक काल गणना के आधार पर 48 मिनट के मुहूर्त अनुसार भी समय गणना करेगी। एक मुहूर्त में 2 घड़ी होती हैं, वहीं एक दिन में 30 मुहूर्त और आठ प्रहर होते हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### क्या खास है इस घड़ी में–

वैदिक घड़ी में विक्रम पंचांग समाहित रहेगा। सूर्योदय से सूर्यास्त के साथ ग्रह, योग, भद्रा, चंद्र स्थिति, नक्षत्र, चौघड़िया, सूर्यग्रहण व चंद्रग्रहण की जानकारी, अभिजीत मुहूर्त, ब्रह्म मुहूर्त, अमृत काल सहित मौसम से जुड़ी जानकारी मिल सकेंगी। मंदिर, नवग्रह, राशि चक्र के साथ-साथ धार्मिक स्थल भी दिखाई देंगे। देश-दुनिया के खूबसूरत सूर्यास्त, सूर्य ग्रहण के नजारे भी दिखेंगे।

### नहीं होंगे कल-पुर्जे–

घड़ी को लखनऊ की संस्था आरोहण के आरोह श्रीवास्तव डिजिटल तकनीक से बना रहे हैं। इसमें परम्परागत घड़ियों की तरह कलपुर्जे नहीं होंगे। इसमें ग्रीनविच पद्धति के 24 घंटों को 30 मुहूर्त में बाँटा गया है। घड़ी में घंटे, मिनट और सेकंड वाली सुई रहेगी। घड़ी सूर्योदय के आधार पर समय की गणना करेगी।

### कैसे देख सकेंगे यह घड़ी–

घड़ी के लिए विक्रमादित्य वैदिक घड़ी नाम का ऐप तैयार किया जा रहा है। प्लेस्टोर पर ऐप आने के बाद कोई भी इसे डाउनलोड कर मोबाइल में इसका उपयोग कर सकेगा। यह अनोखी वैदिक घड़ी इंटरनेट और जीपीएस से भी जुड़ी होगी।

## Newspaper of 27 February, 2024

- **26 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन किया। यह देश में आयोजित होने वाले अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।**
- **पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज (50) को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया है। वे पाकिस्तान में किसी प्रान्त की पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) ने पंजाब विधानसभा में सबसे ज्यादा सीटें जीती है।**
- **प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास (72) का निधन हुआ–**

26 फरवरी, 2024 को प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास (72) का निधन हो गया। 'चिट्ठी आई है', 'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके' और 'दीवारों से मिलकर रोना अच्छा लगता है' जैसे दर्जनों गजलों-गीतों से उनकी विशेष पहचान थी। पंकज उधास को वर्ष 2006 में पद्मश्री से नवाजा गया था। पंकज उधास की गायकी का सफर वर्ष 1972 में फिल्म कामना से शुरू हुआ था।

## Newspaper of 28 February, 2024

- **सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर देश के नये लोकपाल नियुक्त हुए–**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को देश का नया लोकपाल नियुक्त किया गया है। इनसे पूर्व न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष यह पद संभाल रहे थे। न्यायमूर्ति खानविलकर मध्यप्रदेश हाइकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं।

- **वायुसेना के चार टेस्ट पायलट 'गगनयान' मिशन के अंतरिक्ष यात्री होंगे, पीएम नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की–**

27 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायुसेना के चार टेस्ट पायलटों के 'गगनयान' मिशन के अंतरिक्ष यात्री होने की घोषणा की। इन पायलटों के नाम के ऐलान के साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने चारों पायलटों को एस्ट्रोनॉट विंग्स पहनाए। इनके नाम हैं-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला। ये चारों पायलट देश में हर तरह के फाइटर जेट्स उड़ा चुके हैं।

1. **प्रशांत बालाकृष्णन**–केरल निवासी ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने स्कूली शिक्षा कुवैत में और नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से ग्रेजुएशन किया। वर्ष 1999 में वायुसेना में शामिल हुए। बतौर पायलट वह सुखोई फाइटर प्लेन भी उड़ा चुके हैं।
2. **अजीत कृष्णन**–चेन्नई में जन्मे ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन (42) ने एनडीए में ग्रेजुएशन कर प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल और सोर्ड ऑफ ऑनर हासिल किया। वे 21 जून, 2003 से वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में तैनात हैं। वे फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट भी हैं।
3. **अंगद प्रताप**–प्रयागराज के मूल निवासी ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप (42) एनडीए से ग्रेजुएशन के बाद 18 दिसंबर, 2004 को वायुसेना में शामिल हुए। वे फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 उड़ाने का अनुभव है।
4. **शुभांशु शुक्ला**–विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला का जन्म लखनऊ में 10 अक्टूबर, 1985 को हुआ। उन्होंने एनडीए से ग्रेजुएशन किया और 18 दिसंबर, 2004 को वायुसेना में तैनात हुए। उन्होंने रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की।

## Newspaper of 29 February, 2024

- **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वॉल्ट डिज्नी के साथ करार किया; रिलायंस की 63.16% और डिज्नी की 36.84% हिस्सदारी होगी–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में अपने मीडिया ऑपरेशंस के विलय के लिए वॉल्ट डिज्नी के साथ करार किया है। 70,352 करोड़ रुपए की इस डील में रिलायंस इंडस्ट्रीज मेजर स्टेक होल्डर है, इसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 63.16% और डिज्नी की 36.84% होगी। रिलायंस के स्वामित्व वाली वायकॉम 18 में डिज्नी के स्वामित्व वाली स्टार इंडिया के विलय के बाद बनने वाला जॉइंट वेंचर भारत में सबसे बड़ा मीडिया उपक्रम बन जाएगा। रिलायंस-डिज्नी के बाद बनने वाली इकाई की चेयरपर्सन उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी होंगी। इस जॉइंट वेंचर की 75 करोड़ दर्शकों तक पहुँच होगी।

## ■ सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन का 'नाइटहुड' सम्मान मिला–

हाल ही में भारती एंटरप्राइजेज के चैयरमैन सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन ने नाइटहुड सम्मान से सम्मानित किया है। किंग चार्ल्स तृतीय ने भारत-ब्रिटेन के बीच कारोबारी संबंध बेहतर बनाने में योगदान के लिए उन्हें अवार्ड दिया। वर्ष 2009 में रतन टाटा को भी यह सम्मान मिल चुका है।

## ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में 7550 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया; कुल 34 हजार करोड़ से अधिक खर्च होंगे–

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के गुलाबपुरा में रिमोट से बटन दबाकर 7550 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

### अन्य विकाय कार्य–

- **7300 करोड़ रुपये**–विशेष पिछड़े जनजाति क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण, हॉस्टल, पुल, आवास।
- **10724 करोड़ रुपये**–24 रोड प्रोजेक्ट के लिए।
- **350 करोड़ रुपये**–इंदौर के एलीवेटेड कॉरिडोर के लिए।
- **5000 करोड़ रुपये**–सात लाख युवाओं को स्व रोजगार ऋण।
- **170 करोड़ रुपये**–खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विवि की स्थापना।
- **59 करोड़ रुपये**–आहार अनुदान योजना में 1.97 लाख जनजातीय बहनों को सहायता।
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर और खजुराहो में नए आयुर्वेदिक कॉलेज खुलेंगे।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3000 रुपए प्रति बोरा से बढ़ाकर 4000 रुपये किया गया।
- विवि के कुलपति अब कुलगुरु कहलाएंगे।
- रानी दुर्गावती अन्य प्रोत्साहन योजना।
- टास्क फोर्स बनाकर सिंहस्थ की तैयारी अभी से शुरू कर दी।
- शासकी कैलेंडर में विक्रम संवत जोड़ा।
- हर जिले में जिला पुलिस बैंड का गठन।
- राजस्व का महाभियान से 4 लाख 20 हजार प्रकरणों का निपटारा किया।
- 25 दिसम्बर को ग्वालियर के साथ प्रदेश भर में तबला दिवस मनाने की घोषणा की। ☐☐☐

संजीव प्रकाशन


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## पशु परिचर एवं LDC परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें




10 संभागों एवं 50 जिलों पर आधारित पूर्णत: नवीनतम अंक उपलब्ध

## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।


प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com